समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# बीकानेर मे पींएम मोदी का मेगा दौरा : 26 हज़ार करोड़ की परियोजनाओं से रफ्तार पकड़ेगा विकास।

Publisher

Published on 22 May 2025



**बीकानेर : प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी** आज राजस्थान के **बीकानेर** जिले में विकास पर बड़ी घोषणाएँ करते हुए **₹26,000 करोड़** से अधिक की परियोजनाओं का **उद्घाटन** और **शिलान्यास** कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने देशनोक स्थित **करणी माता मंदिर** में सुबह करीब 11 बजे पूजा-अर्चना की।

### करणी माता मंदिर दर्शन के बाद कार्यक्रमों की शुरुआत

मंदिर दर्शन के बाद **पीएम मोदी ने पलाना** में आयोजित **सार्वजनिक सभा** में शिरकत करते हुए विकास योजनाओं का खाका पेश किया। कार्यक्रम स्थल पर भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रबंध किए गए।

### 103 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन

पीएम मोदी ने देशभर के **18 राज्यों/केन्द्र-शासित प्रदेशों के 86 जिलों मे पुंनर्विकसित 103 अमृत स्टेशनों को राष्ट्र को समर्पित** किया।इनमें राजस्थान के भी 8 स्टेशन शामिल हैं; सभी स्टेशन **क्षेत्रीय वास्तुकला** और आधुनिक सुविधाओं का समावेश दर्ज करते हैं।

### बीकानेर–मुंबई एक्सप्रेस को हरी झंडी

अ**मृत भारत स्टेशन योजना** के तहत पुनर्विकसित देशनोक स्टेशन से पीएम मोदी ने नई **बीकानेर–मुंबई एक्सप्रेस** ट्रेन की शुरुआत की, जिससे मरु प्रदेश की सप्लाई चेन और पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा।

### ₹26,000 करोड़ की प्रमुख परियोजनाएँ

१. **रेल आवसंरचना व 100% विद्युतीकरण**

२. **चूरू–सादुलपुर (58 किमी) नई लाइन** की आधारशिला।

**सूरतगढ़–फलोदी, फुलेरा–डेगाना, उदयपुर–हिम्मतनगर, फलोदी–जैसलमेर, समदड़ी–बाड़मेर रूट** के कुल 900+ किमी विद्युतीकरण को राष्ट्र को समर्पित किया गया।

**सड़क परियोजनाएँ**

**3 वाहन अंडरपास, 7 राष्ट्रीय राजमार्ग एवं चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण** पर **₹4,850 करोड़** से अधिक व्यय।

**भारत–पाक सीमा** तक फैले राजमार्गों से सुरक्षा बलों को लॉजिस्टिक सहूलियत मिलेगी।

**नवीकरणीय ऊर्जा व पारेषण**

**बीकानेर, नावा, डीडवाना, कुचामन सौर परियोजनाएँ। POWERGRID सिरोही व मेवाड़ पारेषण लाइनों की आधारशिला; फतेहगढ़ ग्रीड क्षमता वृद्धि।**

**स्वास्थ्य व जल बुनियादी ढाँचा**

**नर्सिंग कॉलेज: राजसमंद, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, धौलपुर। झुंझुनूं ग्रामीण जलापूर्ति, पाली जिले के 7 शहरों की AMRUT 2.0 शहरी जल योजनाएँ।**

**सुरक्षा और सामरिक महत्व**

बीकानेर से पाकिस्तान सीमा की निकटता को देखते हुए नई सड़कें और रेल लाइनें सैन्य मोबिलिटी मजबूत करेंगी, जो '**ऑपरेशन सिंदूर**' के बाद आए रणनीतिक परिवेश में महत्वपूर्ण हैं

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.